मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 22/07/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 166/2024
22 जुलाई 2024
अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल, साहिबगंज

=================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल का किया औचक निरीक्षण

=================

◆ मुख्यमंत्री ने ओपीडी एवं वार्ड का किया भ्रमण, उपलब्ध व्यवस्था और सुविधाओं की ली जानकारी

=================

◆ मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में साफ- सफाई और स्वच्छता का पूरा ख्याल रखने का दिया निर्देश

=================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां ओपीडी, वार्ड, दवाई, चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता और

उपस्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने यहां इलाज कर रहे मरीजों से भी बात कर यहां मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार अस्पतालों की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी चिकित्सा संसाधन उपलब्ध करा रही है।

मरीजों को इसका सुगमता से पूरा लाभ मिले, इसे अस्पताल प्रशासन सुनिश्चित करे। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ सफाई एवं स्वच्छता का पूरा ख्याल रखने का निर्देश दिया।

###

============================

TeamPRD(CMO)